दिनांकः 15.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने और उनके क्रियान्वयन के लिए जिलों के प्रभारी मंत्री और सचिव आज भी प्रभार वाले जिलों के दौरों पर हैं। इस कड़ी में पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने जोधपुर में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत उम्मेद उद्यान में पौधा लगाया। झालावाड़ के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। इससे पहले उन्होंने पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधा लगाया। बीकानेर के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर आज जिले के दौरे पर हैं। इसी तरह भीलवाड़ा की प्रभारी मंत्री मंजू बाघमार भी आज जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रही हैं। पाली के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी आज जिले का दौरा कर रहे हैं। राजधानी जयपुर में प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली और जनता से जुड़े मामलों को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिये।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में घटना की निन्दा करते हुए कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री ने श्री ट्रम्प की हालत में शीघ्र सुधार की कामना की और कहा कि भारत के लोग पीड़ित परिवार, घायलों और अमरीकी जनता के साथ हैं। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प कल रात पेन्सिलवेनिया में एक चुनाव–सभा में गोली चलने से घायल हो गए थे।

....

जैसलमेर में देवा गांव के पास आज सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मृत्यु हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसे के शिकार लोगों की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। ये लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। घायलों का जवाहिर अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, पाली में गोरमघाट पर्यटन स्थल पर रेल पुल पर सेल्फी ले रहे एक दम्पत्ती ने ट्रेन के आने पर हड़बड़ाहट में खाई में छलांग लगा दी। हादसे में पती–पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पाली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना को देखते हुए जिला प्रशासन ने गोरमघाट पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी कर पहाड़ी और रेलवे ट्रेक पर फोटोग्राफी नहीं करने की हिदायत दी है। भरतपुर में नदबई कुम्हेर मार्ग पर कार को बचाने के प्रयास में एक जीप पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जीप में सवार ये लोग दौसा जिले के रहने वाले हैं और गोवर्धन जी की परिक्रमा देने जा रहे थे।

....

डीग जिले में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ई–केवाईसी कराने में महज दो दिन शेष रहते राशन डीलरों के यहां सत्यापन के लिए पात्र लोग पहुंच रहे हैं। जिला रसद अधिकारी रामचंद्र शेरावत ने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड में जिन सदस्यों के नाम है उन सभी को राशन की दुकान पर जाकर अपनी ई–केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके बाद ही उन्हें खाद्य सामग्री का लाभ मिलेगा। जिले में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभान्वित परिवारों में कुल 7 लाख से अधिक सदस्य हैं। इसमें से 80 प्रतिशत लोगों की ईकेवाईसी हो चुकी है।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं जयपुर, झालावाड़ और भरतपुर जिले में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 87 मिलीमीटर बारिश झालावाड़ के गंगधार में रिकॉर्ड हुई। दूदू के मौजमाबाद में 86 मिलीमीटर और डीग में 66 मिलीमीटर पानी बरसा। जोधपुर के ओसियां में भी 36 मिलीमीटर बरसात हुई। इस बीच,

टोंक में आज सुबह हुई तेज़ बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। सवाईमाधोपुर में बारिश की गतिविधियां देर रात तक जारी रहीं। मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए राज्य में ज्यादातर स्थानों पर मॉनसून की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

....

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रृंखला में तीन–एक की अजेय बढ़त पहले ही बना ली है।

....